आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 09.12.2024 समय: 2.10 PM

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान

प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## उमंग कार्यक्रम

स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के 9 हजार 306 विद्यालयों में हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम संचालित कर रहा है। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान, माध्यमिक शिक्षा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संयुक्त रूप से मिलकर उमंग कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उमंग कार्यक्रम का उद्देश्य हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र और छात्राओं में बेहतर जीवन कौशल विकसित करना है।

उमंग कार्यक्रम के मॉड्यूल में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, पोषण, जेण्डर, हिंसा, कम उम्र में विवाह, यौन उत्पीड़न और शोषण, घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को शामिल किया गया है। उमंग कार्यक्रम से 21 लाख छात्र-छात्राएँ लाभान्वित हो रहे हैं। उमंग कार्यक्रम की प्रदेश में प्रशंसा भी हुई है और इसे पुरस्कृत भी किया गया है।

भारत-डिजिटल विकास

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में क्लाउड कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचारों द्वारा संचालित भारत की विकसित डिजिटल अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है कि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

दिल्ली, पुणे, भुवनेश्वर और हैदराबाद में राष्ट्रीय डेटा केंद्र सरकारी कार्यों के लिए क्लाउड सेवाएँ और आपदा रिकवरी प्रदान कर रहे हैं। 300 से अधिक सरकारी विभाग अब क्लाउड सेवाओं का उपयोग करते हैं। सरकारी ई-बाजार, उमंग, एपीआई सेतु, कोविन और आरोग्य सेतु जैसे प्लेटफ़ॉर्म भारत के डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ा रहे हैं तथा सार्वजनिक सेवाओं और शासन में सुधार कर रहे हैं।

मौसम

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अधिकांश जिले में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने वाली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे बाद कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। इस वजह से कल से न्यूनतम तापमान में कमी आने की संभावना हैं।

प्रदेश के तापमान की बात करें तो कल भोपाल में 27 दशमलव 8 डिग्री, इंदौर  में 27 दशमलव 5 डिग्री, ग्वालियर में 26 दशमलव7 डिग्री, और  जबलपुर  में 28 दशमलव 3 डिग्री तापमान रहा। रात में ग्वालियर-राजगढ़ शहर सबसे ठंडे हैं।

ख़बरें खेल की....

फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में आज 12वें दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर डोम्माराजू गुकेश का सामना चीन के डिंग लिरेन से होगा। यह मैच अब से कुछ देर बाद खेला जाएगा। उधर, हॉकी में, महिला जूनियर एशिया कप के लिए आज भारत का मुकाबला ओमान के मस्कट में पूल-ए मैच में मलेशिया से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा।जबकि हांगकांग में चल रही विश्व स्क्वॉश टीम चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम का सामना दोपहर तीन बजे बेल्जियम से होगा।

समाचार संक्षेप में

1. मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव कल आगरमालवा आयेगें।  वे यहां हम होगें कामयाब पखवाड़े का समापन समारोह कार्यक्रम में शामिल होगें।
2. निवाड़ी जिले में कलेक्टर द्वारा जन कल्याण पर्व की तैयारियों की जानकारी ली गई है जिसमें सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी विभाग जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें.
3. सतना जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सतना जिले में स्थापित 2622 बूथों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

4. वरिष्ठ पत्रकार काशीनाथ शर्मा का निधन हो गया है. वे जबलपुर में कार्यरत थे. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उनके के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

5. अनुपपूर जिले में फुनगा चौकी के पास दो दोपहिया वाहनों के आपस में टकराने से दो लोगों की मृत्यु हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं.

-------------------------------------------